**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1405**
**दिनांक 29 जुलाई, 2025 के लिए प्रश्न**

**उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में दुग्ध मिशन**

**1405. श्री सालेंग ए. संगमाः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में विगत तीन वर्षों के दौरान कितने दुग्ध मिशन स्वीकृत और कार्यान्वित किए गए हैं;

(ख) मेघालय में स्वीकृत और कार्यान्वित दुग्ध मिशन परियोजनाओं का जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान दुग्ध मिशन या किसी अन्य डेयरी विकास योजना के अंतर्गत मेघालय को स्वीकृत निधि की कुल राशि कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का मेघालय और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों में दुग्ध मिशन का विस्तार करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री**
**(प्रो.एस.पी. सिंह बघेल)**

(क) पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार देश में दुग्ध मिशन नामक कोई योजना/कार्यक्रम कार्यान्वित नहीं कर रहा है।

(ख) और (ग) मेघालय राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, मेघालय दुग्ध मिशन को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। मेघालय दुग्ध मिशन के अंतर्गत 215.48 करोड़ रुपये की राशि संस्वीकृत की गई थी, जिसमें से 51.18 करोड़ रुपये जारी किए गए। मेघालय दुग्ध मिशन के अंतर्गत जिला-वार विवरण और जारी की गई निधियां **अनुबंध-I** में दी गई हैं।
इसके अलावा, मेघालय राज्य सरकार वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक 45.00 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ मुख्यमंत्री एलिवेट (डेयरी योजना) कार्यान्वित कर रही है, जिसमें से लाभार्थियों को 3.96 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार भी वर्ष 2014-15 से देश भर में केंद्रीय क्षेत्र की योजना - "राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी)" कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत, मेघालय में 6 परियोजनाएँ संस्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल परियोजना लागत 63.94 करोड़ रुपये (केंद्र के 57.80 करोड़ रुपये के हिस्से सहित) है, जिसमें से कार्यान्वयन एजेंसी को 53.27 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

(घ) एनपीडीडी योजना के अंतर्गत, उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 33 परियोजनाएँ संस्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल परियोजना लागत 257.33 करोड़ रुपये (केंद्र के 236.57 करोड़ रुपये के हिस्से सहित) है, जिसमें से कार्यान्वयन एजेंसियों को 186.17 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। राज्य-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

## मेघालय दुग्ध मिशन का जिलावार विवरण

| क्र.सं. | जिले का नाम | डीसीएस की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | गोपशुओं की संख्या | गोपशु शेड | जारी राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी खासी हिल्स | 16 | 277 | 547 | 544 | 20.36 |
| 2 | पश्चिमी खासी हिल्स | 15 | 211 | 148 | 127 | 2.91 |
| 3 | पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स | 5 | 50 | 44 | 23 | 0.53 |
| 4 | दक्षिण पश्चिमी खासी हिल्स | 1 | 34 | 50 | 50 | 0.95 |
| 5 | पश्चिमी जयंतिया हिल्स | 28 | 137 | 495 | 299 | 7.21 |
| 6 | पूर्वी जयंतिया हिल्स | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 |
| 7 | री भोई | 18 | 276 | 479 | 332 | 11.89 |
| 8 | पश्चिमी गारो हिल्स | 14 | 184 | 334 | 58 | 6.19 |
| 9 | पूर्वी गारो हिल्स | 3 | 13 | 26 | 13 | 0.36 |
| 10 | दक्षिण पश्चिमी गारो हिल्स | 3 | 14 | 30 | 15 | 0.38 |
| 11 | उत्तरी गारो हिल्स | 3 | 15 | 30 | 15 | 0.41 |
| 12 | दक्षिण गारो हिल्स | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 |
| | **कुल** | **106** | **1211** | **2183** | **1476** | **51.18** |

**अनुबंध-II**

**एनपीडीडी योजना के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में संस्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण**

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं** | **राज्य का नाम** | **संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या** | **अनुमोदित लागत** | **केन्द्र का हिस्सा** | **जारी निधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 11.91 | 11.26 | 8.84 |
| 2 | असम | 4* | 46.12 | 43.37 | 7.91 |
| 3 | मणिपुर | 3 | 30.29 | 27.85 | 23.41 |
| 4 | मेघालय | 6 | 63.94 | 57.80 | 53.27 |
| 5 | मिजोरम | 3 | 11.01 | 10.31 | 10.31 |
| 6 | नागालैंड | 4 | 13.06 | 12.15 | 12.15 |
| 7 | सिक्किम | 7 | 57.06 | 52.65 | 49.72 |
| 8 | त्रिपुरा | 4 | 23.94 | 21.18 | 20.56 |
| | **कुल** | **33** | **257.33** | **236.57** | **186.17** |

*1 परियोजना वापस ले ली गई है तथा 370.09 लाख रुपये की केन्द्र के हिस्से से जारी की गई राशि वापस कर दी गई है।

******